# University in News on 28 February 2024

AMRIT VICHAR PAGE 4

## घरों की चौखट पर नए कानूनों का प्रचार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** नया कानून सहित अन्य जानकारियां घरों की चौखट पर साझा हुईं। लखनऊ विश्वविद्यालय के प्रो बोनो क्लब के सदस्य और छात्रों ने लोगों को जागरूक किया। कई मामलों में हलों के निस्तारण का भी प्रयास हुआ।

9 मार्च को होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर जनसंपर्क अभियान चलाया गया। कार्यक्रम लखनऊ विवि की संस्था प्रो बोनो क्लब और विधिक सेवा केंद्र व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने संयुक्त रूप से आयोजित किया। प्रो बोनो क्लब के संयोजक मनीष

**›› राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर चलाया गया जनसंपर्क अभियान**

तिवारी ने बताया कि लोक अदालत वैकल्पिक विवाद निवारण तंत्रों में से एक है, यह एक ऐसा मंच है जहां अदालत में या मुकदमे-पूर्व चरण में लंबित विवादों अथवा मामलों का सौहार्दपूर्ण ढंग से निपटारा या समझौता किया जाता है। प्रो बोनो क्लब के संकाय प्रभारी डॉ. आलोक कुमार यादव ने लोगों के बीच नए कानूनों की जानकारी दी। लोगों के सवालों का जवाब भी दिया। इस दौरान एसोसिएट प्रो. डॉ. अभिषेक कुमार तिवारी, क्लब के सदस्य आदित्य, यशवर्धन, काव्यांजलि, तेजस्वी, रोशनी, प्रसंग आदि मौजूद रहे।

## कला साधना ने दिलाई विश्व में पहचान: रागिनी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** नेपाल ललित कला अकादमी की पूर्व चांसलर ने कहा है कि निरंतर कला साधना ने उन्हें विश्व स्तर पर पहचान दिलाई है। कला यात्रा में कला एवं शिल्प महाविद्यालय का बड़ा योगदान रहा है।

पूर्व चांसलर रागिनी उपाध्याय ग्रैला कला यात्रा पर आयोजित संवाद कार्यक्रम में अतिथि की भूमिका के रूप छात्रों के साथ संवाद कर रही थीं। उन्होंने कहा कि विश्व स्तर पर उनकी पहचान कला साधना के कारण ही बनी है। छापाकला में विशेषज्ञता हासिल करने वाली रागिनी बताती हैं कि कला महाविद्यालय और कला गुरु मदन लाल नागर, श्रीखंडे, अवतार सिंह पवार और जय कृष्ण अग्रवाल की बदौलत ही उन्होंने इन विद्याओं को सीखा है। कार्यक्रम के दौरान आलोक कुमार कुशवाहा, महाविद्यालय के डीन डॉ. रतन कुमार, अखिलेश निगम, राजीव, रविकांत, अतुल हुंदु, अनुराग सहित कला अध्यापक और छात्र उपस्थित रहे।

**नेचर स्पीक का प्रस्तुतीकरण**

नेपाल ललित कला अकादमी की पूर्व चांसलर ने संवाद कार्यक्रम के दौरान अपने कुछ चुनिंदा कलाकृतियों की एक प्रेजेंटेशन नेचर स्पीक भी किया। इसमें कोरोना काल की भयावता और प्रकृति के प्रति एक लगाव और उनके संरक्षण, उनकी सुंदरता को प्रदर्शित किया। छापाकला को लेकर महाविद्यालय के छात्रों द्वारा प्रश्न पूछे गए, जिसका जवाब पूर्व चांसलर द्वारा दिया गया।

## लविवि में दो प्रवक्ता हुए प्रोन्नत

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय में दो प्रवक्ताओं को प्रोन्नत किया गया है। प्रभावी व्यवस्था में डॉ. रोहिनी यादव और डॉ. तनुका चटर्जी शामिल हैं। लविवि से जारी आदेशों में दोनों को तीन वर्षों के लिए जिम्मेदारी दी गई है।

## लविवि में विषम सेमेस्टर का परीक्षाफल घोषित

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय एवं सहयुक्त महाविद्यालयों के विषम सेमेस्टर का परीक्षाफल घोषित हो गया है। परीक्षा परिणामों में एलएलबी, एमबीए, बीएड और बीकॉम परीक्षाएं शामिल हैं। परीक्षा का परीक्षाफल लविवि की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

## लविवि : कई पाठ्यक्रमों के परिणाम जारी

**लखनऊ।** लखनऊ विवि ने मंगलवार को विषम सेमेस्टर की परीक्षा के अंतर्गत कई विषयों के परीक्षा परिणाम जारी कर दिए। विद्यार्थी विवि की वेबसाइट पर विस्तृत परीक्षा परिणाम देख सकते हैं। किसी तरह की समस्या होने पर परीक्षा विभाग में संपर्क कर सकते हैं। प्रवक्ता प्रो. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि जिनके परिणाम जारी हुए हैं उनमें एलएलबी पांच वर्ष, एमबीए पांच वर्ष, बीएलएड, एलएलबी तीन वर्ष व बीकॉम विषय शामिल हैं। (संवाद)

## चित्रों की भाषा होती है सबसे अलग

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय के कला एवं शिल्प महाविद्यालय में मंगलवार को कलाकार रागिनी उपाध्याय ग्रैला की कला यात्रा पर संवाद हुआ। मुख्य वक्ता नेपाल ललित कला अकादमी की पूर्व चांसलर रागिनी उपाध्याय ग्रैला ने कहा कि चित्रों की भाषा सभी भाषा से अलग होती है। इसे हर भाषा, हर वर्ग के लोग अच्छे से समझ सकते हैं। डॉ. रागिनी ने कहा कि वह कला महाविद्यालय की छात्रा रही हैं जो उनके जीवन का सबसे सुखद क्षण रहा है। संवाद समापन पर कॉलेज विद्यार्थियों ने प्रश्न प्रहर में उनसे कई सवाल पूछे। इस अवसर पर अखिलेश निगम, राजीव, रविकांत , अतुल हुंदु, अनुराग डिडवानिआ सहित समस्त कला अध्यापक और छात्र उपस्थित रहे। संचालन प्रो. अलोक कुमार ने किया व धन्यवाद ज्ञापन महाविद्यालय के डीन डॉ. रतन कुमार ने दिया। (संवाद)